**प्रतिदर्श प्रश्न पत्र ( 2023-24)**

**कक्षा 10 वी हिंदी-अ ( कोड 002)**

**निर्धारित समय :- 3 घंटे।** **पूर्णांक: 80**

**सामान्य निर्देश:**

1. इस प्रश्न पत्र में दो खंड है- खंड अ और ब I खंड अ मे वस्तुपरक /बहुविकल्पी और खड ब में वस्तुनिष्ठ वर्णनात्मक प्रश्न दिए गए हैं I

2. प्रश्न पत्र के दोनों खंडों में प्रश्नों की संख्या 17 है और दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।

3. यथासंभव सभी प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार लिखिए।

4. खंड ' अ ' में कुल 10 प्रश्न है , जिनमें उप प्रश्नों की संख्या 44 है। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए 40 उपप्रश्नों के उत्तर दीजिए।

5. खंड ब में कुल 7 प्रश्न है, सभी प्रश्नों के साथ उनके आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं। निर्देशानुसार विकल्प का ध्यान रखते हुए सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

**खंड-अ** अंक 40

**(बहुविकल्पी/ वस्तुपरक प्रश्न)**

**प्रश्न 1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यान पूर्वक पढ़कर उस पर आधारित दिए गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले पर विकल्प चुनकर लिखिए।** **(1×5=5)**

आदर्श विद्यार्थी को कुछ भी कठिन या असंभव नहीं समझना चाहिए, क्योंकि परिश्रम तो उसकी सहयोगी है। उद्यम करेगा तो निश्चय ही सफलता उसके चरण चूमेगी। पुरुषार्थी के लिए प्रत्येक असंभव कार्य भी संभव तथा कठिन कार्य भी सरल हो जाता है। आदर्श विद्यार्थी को अपने विद्यार्थी जीवन में कभी भी सुख की कामना नहीं करनी चाहिए तभी वह अपने लक्ष्य की प्राप्ति कर सकता है तभी विद्या उसके व्यक्तित्व अंग बन सकती है। सभी विद्यार्थियों को यहां मन में धारण कर लेना चाहिए कि सुख की कामना और विद्या की प्राप्ति ये दोनों दो विरोधी बातें हैं।

सुख चाहने वाले को विद्या नहीं मिल सकती और विद्या चाहने वाले को सुख की प्राप्ति असंभव है। निरंतर परिश्रम ही विद्या प्राप्ति का मूल मंत्र है। यदि कोई यह सोचे कि मैं परिश्रम ना करूं और मैं सुखी हो जाऊंगा तो यह उसकी भूल

है। आलसी पड़े रहने में कोई सुख नहीं प्रत्युत इससे दुख निराशा और बुरी भावनाएं आकर घेर लेती है। वे सभी मनुष्य को पथभ्रष्ट करने में तथा उसके भविष्य को अंधकारमय  करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।
अतः सभी विद्यार्थियों को निराशा और बुरी भावनाओं को त्याग कर विद्या प्राप्ति के लिए निरंतर परिश्रम करना चाहिए क्योंकि निरंतर परिश्रम करने से ही जीवन में सफलता प्राप्त होती है। परिश्रमी विद्यार्थी के लिए कोई भी कार्य कठिन नहीं होता।

क. उसके लिए असंभव कार्य भी संभव हो जाता हैं।

कथन पढ़ कर सही विकल्प का चयन कीजिए-

कथन

1. किसी भी विद्यार्थी के लिए
2. पुरुषार्थी के लिए
3. परोपकारी के लिए
4. आज्ञाकारी एवं विनम्र विद्यार्थी के लिए

विकल्प

A. केवल (3) कथन सही है।

B. कथन (1) तथा (3) सही है।

C. केवल कथन (2) सही है।

D. कथन (4) सही है।

ख. कब एक आदर्श विद्यार्थी के लिए विद्या उसके  व्यक्तित्व का अंग बन सकती है?

A. विद्यार्थी जीवन में बड़ों का सम्मान करने पर

B. विद्यार्थी जीवन में सुख की कामना नहीं करने पर

C. विद्यार्थी जीवन में अनुशासित रहने पर

D. विद्यार्थी जीवन में केवल पुस्तक खरीदने पर

ग. लेखक ने परिश्रम को किसका सहयोगी बताया है?

A. आदर्श विद्यार्थी का

B. आज्ञाकारी विद्यार्थी का

C. मृदुभाषी विद्यार्थी का

D. स्वस्थ् विद्यार्थी का

घ. किसमे कोई सुख नहीं मिलता?

A. परिश्रम करने में

B. अलसी पड़े रहने में

C. समय का सदुपयोग करने में

D. सत्य बोलने में

ड. . कथन (A) और करण ( R ) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए-

कथन(A): सफलता आदर्श परिश्रमी विद्‌यार्थी क चरण चूमती है।

कारण(R ): पुरुषार्थ के लिए प्रत्येक असंभव भी संभव तथा कठिन कार्य भी सरल . हो जाता है।

A. कथन( A)गलत है किंतु कारण( R)सही है।

B. कथन ( A)और कारण( R) दोनों ही गलत है।

C. कथन(A)सही है और कारण ( R)कथन ( A) की सही व्याख्या है।

D. कथन (A) सही है किंतु कारण(R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

**प्रश्न 2. निम्नलिखित काव्यांश को ध्यान पूर्वक पढ़कर** उस **पर आधारित दिए गए प्रश्नों** के **सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए।** **(1×5=5)**

पूर्व चलने के बटोही,बाट की पहचान कर ले।
पुस्तकों में है नहीं छापी गई उसकी कहानी,
हाल इसका ज्ञान होता है ना औरों की जबानी।
अनगिनत राही गए इस राह से उनका पता क्या-
पर गए कुछ लोग इस पर छोड़ पैरों की निशानी।
यह निशानी मुक होकर भी बहुत कुछ बोलती है,
खोल इसका अर्थ पंथी, पंथ का अनुमान कर ले।
पूर्व चलने के बटोही,बाट की पहचान कर ले।।
यह बुरा है या कि अच्छा,व्यर्थ दिन इस पर बिताना,
जो असंभव,छोड़ वह पथ, दूसरे पर पग बढ़ाना।
तू इसे अच्छा समझ,यात्रा सरल इससे बनेगी
सोच मत केवल तुझे, ही यह पड़ा मन में बिठाना।
हर सफल पंथी यही विश्वास ले इस पर बढ़ा है,
तू इसी पर आज अपने चित्त का अवधान कर ले।

पूर्व चलने के बटोही बाट की पहचान कर ले।।

क."बटोही" शब्द का क्या पर्याय है?

A.राह

B. राहगीर

C. बांटना

D. बांटने वाला

ख."छोड़ पैरों की निशानी" से क्या तात्पर्य है?

A. महान लोगों के चरण चिन्ह

B. महापुरुषों के अच्छे कार्यो की यादें

C. सबके पैरों के निशान

D. पैरों की आवाजें

ग. किस बात के लिए दिन व्यर्थ नहीं बताना चाहिए?

A. हमारे लिए क्या अच्छा है और क्या बुरा है?

B. हम अच्छा काम कैसे करें?

C. हमारे लिए सब कुछ करना है।

D. कल क्या होगा?

घ.____________यात्रा सरल बना सकती है।

A. असंभव रास्ते पर चलने से

B. नया रास्ता ढूंढने से

C. थक्कर बैठने से

D. असंभव रास्ते को छोड़ दूसरे रास्ते से आगे बढ़ने से

ड. काव्यांश के आधार पर क्या स्वयं करना चाहिए-दिए गए कथनों को पढ़कर सबसे सही विकल्प चुनिए-

कथन

1. अपना काम स्वयं करना चाहिए।
2. किसी भी कार्य को करने से पहले उसे अच्छे से समझ से लेना चाहिए।
3. अपनी मर्जी दूसरों पर नहीं थोपनी चाहिए
4. जो मन में आए वही काम करना चाहिए।

विकल्प

A. कथन (1) तथा (3) दोनों सही है।

B. कथन (3) सही है।

C. कथन (2) सही है।

D. कथन (1),(2),(3) तथा (4) दोनों सही है।

**प्रश्न 3. निर्देश अनुसार रचना के आधार पर वाक्य भेद पर आधारित पांच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्ही चार के उत्तर दीजिए।** ( 1x 4=4 )

क. वह कहानी ऐसी- वैसी नहीं बल्कि बहुत रोचक थी। इसका सरल वाक्य होगा-

A. वह कहानी ऐसी वैसी नहीं थी वह तो बहुत रोचक थी।

B. वह कहानी ऐसी वैसी नहीं है क्योंकि वह बहुत रोचक
थी।

C. वह कहानी ऐसी वैसी ना होकर बहुत रोचक थी।

D. वह कहानी बहुत रोचक थी इसलिए वह ऐसी वैसी नहीं थी।

ख. मित्रों के बुलाने पर मैं अपना काम छोड़कर भी खेलने चल देता था। इसका संयुक्त वाक्य होगा-

A. जब मित्र मुझे बुलाते थे तब मैं अपना काम छोड़कर खेलने चल देता था।

B. मित्र बुलाते थे और मैं अपना काम छोड़कर भी खेलने चल देता था।

C. मित्रों के बुलाने पर मैं अपना काम छोड़कर खेलने चल देता था।

D. जब-जब मेरे मित्र मुझे बुलाते तब-तब मैं अपना काम छोड़कर खेलने चला गया।

ग. जीत की चाह लेकर आगे बढ़ने वालों को सफलता अवश्य मिलती है।इस वाक्य का मिश्र वाक्य होगा-

A. जो जीत की चाह लेकर आगे बढ़ते हैं उन्हें सफलत अवश्य मिलती है।

B. वे जीत की चाह लेकर आगे बढ़ते हैं और उन्हें सफलता अवश्य मिलती है।

C. जीत की छह लेकर आगे बढ़ो और सफलता प्राप्त करो।

D. उन्हें सफलता अवश्य मिलेगी क्योंकि वे जीत की छह लेकर आगे बढ़े हैं।

घ. निम्नलिखित वाक्यों में मिश्र वाक्य पहचान कर नीचे दिए गए सबसे सही विकल्प को चुनिए-

A. वहां एक छोटा सा गांव था जिसके चारों ओर घना जंगल था।

B. माता-पिता चाहते हैं कि उनके बच्चे परिश्रमशील बने

C. जैसे ही बुधन ने किवाड़ खुलने की आवाज सुनी वह चौका।

D. जब मोहन थोड़ी देर चुप रहा तब वह बोला।

ड. कालम 1 को कालम 2 के साथ सुमेलित कीजिए और सही विकल्प चुनकर लिखिए-

| **कालम1** | **कालम2** |
|---|---|
| 1. वह पढ़ने की कोशिश कर रहा था लेकिन उसका ध्यान नहीं था। | (i) मिश्रित वाक्य |
| 2. वार्षिक समारोह में मुख्य अतिथि ने अपने भाषण में अच्छी-अच्छी बातें बताई। | (ii) संयुक्त वाक्य |
| 3. उसकी मोटरसाइकिल ऐसे चलती है जैसे हवाई जहाज हो। | iii) सरल वाक्य |

**विकल्प**

A.1–(iii), 2–(i), 3–(ii)
B.1–(ii), 2–(iii), 3–(i)
C.1–(i), 2–(ii), 3–(iii)
D.1–(ii), 2–(i), 3–(iii)

**प्रश्न 4. निर्देशानुसार वाक्य पर आधारित पांच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्ही चार के उत्तर दीजिए।**
**(1×4=4)**

क. कालम 1 को कालम 2 के साथ सुमेलित कीजिए और सही विकल्प चुनकर लिखिए-

| **कालम 1** | **कालम 2** |
|---|---|
| 1. बाढ़ पीड़ितों को सहायता दी। | (i) कर्म वाक्य |
| 2. दशकों से हंसा जा रहा था। | (ii) कर्तृवाच्य |
| 3. मलिक के द्वारा | (iii**) भाववाच्य** |

नौकर को डाटा गया

विकल्प

A.1–(ii),2–(iii),3(i)
B.1–(iii),2-(ii),3-(i)
C.1–(i),2-(ii),3–(iii)
D.1–(ii),2-(i),3–(iii)

ख. आपके द्वारा अभी तक बिल क्यों नहीं जमा किया गया? इसका कर्तृवाच्य होगा-

A. आपसे अभी तक बिल क्यों नहीं जमा किया गया?

B. आप बिल जमा क्यों नहीं करोगे?

C. आपने अभी तक बिल जमा क्यों नहीं किया?

D. क्या आप बिल जमा करोगे?

ग. निम्नलिखित वाक्यों में कर्तृवाच्य का उदाहरण है-

1. रमेश कपड़े धोता है।
2. छोटा राजू खेल रहा है।
3. बच्चों से चला जाएगा।
4. सुरेश द्वारा खाना नहीं खाया जाएगा।

विकल्प

A. केवल कथन 1 और 2 सही है।

B. कथन 3 और 4 सही है।

C. कथन 1, 2 और 4 सही है।

D.कथन 2,3 और 4 सही है।

घ. छुट्टी में देर तक सोएंगे इसका भाववाच्य होगा-

A. छुट्टी में देर तक सोते हैं।

B. छुट्टी में देर तक सोए।

C. छुट्टी में देर तक सोया जाएगा।

D. छुट्टी में देर तक सोओ।

ड. बच्चे निबंध लिख रहे है। वाच्य का नाम चुनिए

A. कर्मवाच्य

B. भाववाच्य

C.कर्तृवाच्य

D.अकतृवाच्य

**प्रश्न 5. निर्देशानुसार पद परिचय पर आधारित पांच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार के उत्तर दीजिए। ( 1 x 4 = 4 )**

क. इस बालक ने हिंदी में शत प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। रेखांकित अंश का पद परिचय होगा-

A. बालक ने- जातिवाचक संज्ञा, स्त्रीलिंग, एकवचन, कर्ताकारक

B. बालक ने- जातिवाचक संज्ञा, पुलिंग, बहुवचन, कर्ता कारक।

C. बालक ने-जातिवाचक संज्ञा, पुलिंग, एकवचन, कर्ता कारक।

D. जातिवाचक संज्ञा, पुलिंग, एकवचन, कर्म कारक

ख. पिताजी अखबार पढ़ रहे हैं। रेखांकित अंश का पद परिचय होगा-

A. पढ़ रहे हैं-अकर्मक क्रिया, वर्तमान काल, पठ धातु, कर्तृवाच्य।

B. पढ़ रहे है-सकर्मक क्रिया, वर्तमान काल, पढ़ धातु, कर्तृवाच्य ।

C. पढ़ रहे है -सकर्मक क्रिया, भूतकाल, पठ धातु, कर्तृवाच्य ।

D. पढ़ रहे हैं- सकर्मक क्रिया, वर्तमान काल, पठ धातु, कर्तृवाच्य

ग . मैच देखने के लिए बच्चे खुशी-खुशी स्टेडियम पहुंचे। रेखांकित अंश का पद परिचय होगा -

A . खुशी -खुशी -रीतिवाचक क्रिया विशेषण, पहुंचे क्रिया की विशेषता बता रहा है ।

B . खुशी -खुशी – परिमाण वाचक क्रिया विशेषण, पहुंच क्रिया की विशेषता बता रहा है।

C. खुशी- खुशी- कालवाचक क्रिया विशेषण, पहुंच क्रिया की विशेषता बता रहा है।

D . खुशी- खुशी-स्थानवाचक क्रिया विशेषण, पहुंच क्रिया की विशेषता बता रहा है।

घ . मौसम बहुत सुहावना है। रेखांकित अंश का पद परिचय होगा-

A. सुहावना - गुणवाचक विशेषण, एकवचन,स्त्रीलिंग मौसम विशेष्य।

B. सुहावना- सार्वनामिक विशेषण, एकवचन, पुलिंग, मौसम विशेष्य।

C. सुहावना- गुणवाचक विशेषण , एकवचन,स्त्रीलिंग मौसम विशेष्य।

D. सुहावना - गुणवाचक विशेषण, एकवचन, पुलिंग मौसम विशेष्य।

ङ. प्रेमचंद महान कथाकार थे। रेखांकित अंश का पद परिचय होगा-

A. प्रेमचंद - जातिवाचक संज्ञा, एकवचन, पुलिंग, कर्ताकारक ।

B. प्रेमचंद - जातिवाचक संज्ञा, बहुवचन, पुलिंग, करता कारक

C. प्रेमचंद-व्यक्तिवाचक संज्ञा, एकवचन ,पुलिंग कर्ताकारक ।

D. प्रेमचंद- व्यक्तिवाचक संज्ञा, एकवचन ,पुलिंगकर्म कारक।

**प्रश्न 6. निर्देशानुसार अलंकार पर आधारित पांच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन-चार के उत्तर दीजिए।**

**(1×4=4)**

क. मधुबन की छाती को देखो, सूखी कितनी इसकी कलियां। इन काव्य- पंक्तियों मे प्रयुक्त अलंकार है -

A.श्लेष

B. अतिशयोक्ति

C. मानवीकरण

D. उत्प्रेक्षा

ख. हनुमान की पूंछ में लगन ना पाई आग। लंका सिगरी जल गई गए निशाचर भाग।- काव्य पंक्तियों में प्रयुक्त अलंकार है-

A. उत्प्रेक्षा

B. मानवीकरण

C. अतिशयोक्ति

D. श्लेष

ग. मिटा मोदु मन भए मदीने विधि निधि दीन्ह लेत जनी छीन्हे ।। इन काव्य पंक्तियों में प्रयुक्त अलंकार है-

A. मानवीकरण

B. उत्प्रेक्षा

C. श्लेष

D. अतिशयोक्ति

घ. इस सोते संसार बीच जग कर सज कर रजनी बाले। इस काव्य पंक्तियों में प्रयुक्त अलंकार है-

A. अतिशयोक्ति

B. उत्प्रेक्षा

C. श्लेष

D. मानवीकरण

ड़ जो रहीम गति दीप की, कुल कपूत गति सोए

बारै उजियारो करै,बढ़े अंधेरो होय।। प्रयुक्त दोहे मे अलंकार है-

A . मानवीकरण

B. श्लेष

C  अतिशयोक्ति

D   उत्प्रेक्ष

**प्रश्न 7. निम्नलिखित पठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए-** **(1×5=5)**

खेती बाड़ी करते परिवार रखते भी बालगोबिन भगत साधु थे साधु की सब परिभाषाओं में खरे उतरने वाले। कबीर को साहिब मानते थे उन्हीं के गीत को गाते उन्हीं के आदेशों पर चलते ।कभी झूठ नहीं बोलते खरा व्यवहार रखते। किसी से भी दो टूक बात करने में संकोच नहीं करते ना किसी से  झगड़ा मोल लेते। किसी की चीज नहीं छूते  न बिना पूछे व्यवहार में लाते। इस नियम को कभी-कभी इतनी बारीकी तक ले जाते कि  लोगों को कुतूहल होता कभी वह दूसरे के खेत में शौच के लिए भी नहीं बैठते।

क. गृहस्थ  होते हुए भी बालगोबिन भगत को साधु क्यों कहा जाता था?

A. साधु बनकर घर से बाहर रहते थे।

B. उनका व्यवहार साधुओं जैसा था।

C. साधुओं के साथ सत्संग करते थे।

D. संन्यास लेने के कारण।

ख. "दो टूक बात करना" से क्या तात्पर्य है?

A. केवल दो बातें करना।

B. बहुत बातें करना।

C. बिल्कुल बात ना करना।

D. स्पष्ट बात करना।

ग. भगत जी के साहब कौन थे?

A. पड़ोसी

B. मित्र

C. संत कबीर

D. मालिक

घ. लोगों को किस बात पर आश्चर्य होता?

A. भगत जी के रहन-सहन को देखकर

B. भगत जी के शिष्ट तथा शुद्ध व्यवहार को देखकर

C. भगत जी के क्रोध को देखकर

D. भगत जी के साहब को देखकर

ङ. गद्यांश के आधार पर भगत जी की चरित्र विशेषताएं कौन सी है?

A. स्पष्ट वक्ता,शुद्ध आचरण वाले ,सत्यवादी

B. आस्तिक ,झगड़ालू ,आज्ञाकारी

C. नास्तिक ,सन्यासी ,सत्यवादी

D. मितभाषी ,शिष्टाचारी ,नास्तिक

**प्रश्न 8. "क्षितिज" के गद्य पाठों के आधार निम्नलिखित दो बहुविकल्पीय प्रश्नों** के **सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए- (1×2=2)**

.क. लखनवी अंदाज के लेखक ने सेकंड क्लास का टिकट ही क्यों लिया?

A. लेखक के पास टिकट खरीदने के लिए अधिक पैसे नहीं थे।

B. लेखक आराम से सफर करना चाहते थे।

C. भीड़ से बचकर एकांत में नई कहानी के संबंध में सोचने के कारण।

D. गंतव्य स्थल बहुत दूर होने के कारण।

ख. मूर्ति पर सरकंडे का चश्मा क्या उम्मीद जगाता है,?

A. सरकंडे का चश्मा भी पहन सकते हैं।

B. देशभक्त कैप्टन मरकर भी उस कस्बे के बच्चों में जिंदा है।

C. सरकंडे का चश्मा सब बना सकते हैं।

D. सरकंडे का चश्मा सस्ता मिलता है।

**प्रश्न 9. निम्नलिखित पठित पद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए- (1×5=5)**

हमारे हरी हारिल की लकड़ी
मन क्रम वचन नंद नंदन उर
यह दृढ़ करी पकरी।
जागत सोवत स्वप्न दिवस निशि कान्ह-कान्ह जकरी।

सुनत जोग लागत है ऐसौ ज्यो करूई ककरी।

सु तो व्याधि हमको ले आए देखी सुनी ना करी।

यह तो सूर तिनहीं ले सौपौ जिनके मन चकरी।

क. गोपिया हरि की तुलना हारिल की लकड़ी  से क्यों कर रही है?

A. हारिल की लकड़ी मजबूत होती है।

B. हारिल लकड़ी को खाता है।

C.  प्रेम की दृढ़ता तथा एक निष्ठा दर्शाने हेतु।

D. हारिल की लकड़ी मुलायम होती है।

ख. कृष्ण प्रेम में गोपियों की मनोदशा कैसी है?

A. वे दिन रात रोती रहती है।

B. वे जागते सोते समय स्वप्न में कृष्णा कृष्णा रट  रही है

C. वह इधर-उधर भागती रहती है।

D. वह उद्धव की प्रशंसा करती रहती है।

ग. गोपियों ने व्याधि और करुई ककरी किसे कहा है?

A. उद्धव के ज्ञान और योग के संदेश को।

B. बीमारी और कड़वी ककड़ी को।

C. उद्धव को।

D.  बृजवासियों को।

घ. "जिनके मन चकरी"--- से क्या आशय है?

A. जिनके मन गोल-गोल चक्कर लगाता है।

B. जिनके मन चकरी के समान स्थिर हो।

C. जिनका मन सभी को चाहता हो।

D. जिनके मन किसी एक के प्रति आस्थावान ना हो।

ड़. उपयुक्त काव्यांश की भाषा है-

A. ब्रजभाषा

B. अवधि

C. खड़ी बोली

D. संस्कृत

**प्रश्न 10 पाठ्य पुस्तक में निर्धारित कविताओं के आधार पर निम्नलिखित दो प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए- (1×2=2)**

क. परशुराम के वचन सुनकर लक्ष्मण क्यों मुस्कुराने लगे

A. परशुराम के वचन सबको आनंदित करने वाले थे।

B. परशुराम ने लक्ष्मण की प्रशंसा की थी।

C. परशुराम की बातों से बड़बोलापन झलक रहा था।

D. परशुराम ने श्री राम का साथ दिया था।

ख. कवि बादल को गरजने के लिए क्यों कहते हैं?

A. लोगों को डराने के लिए

B. अपना अस्तित्व प्रकट करने के लिए

C. अपना प्रभाव डालने के लिए

D. क्रांति तथा चेतना लाने के लिए

**खंड ब (वर्णनात्मक प्रश्न)**अंक 40

**प्रश्न 11. गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित 4प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25 से 30 शब्दों में दीजिए: (2×3=6)**

क." बाल गोविंद भगत"पाठ के आधार पर लिखिए भगत जी परंपरा से हटकर चलने वालों में से थे?

ख. आपके विचार से लेखक ने बिस्मिल्लाह खान की तुलना कस्तूरी मृग से क्यों की? तर्कपूर्ण उत्तर लिखिए।

ग. नेताजी की मूर्ति पर चश्मा बदल बदल कर कौन लगता था? विचार करके बताइए कि वह ऐसा क्यों करता था?

घ. पाठ संस्कृत के अनुसार संस्कृति और संस्कृति क्या है? समझाइए।

**प्रश्न 12 निर्धारित कविताओं के आधार पर निम्नलिखित 4 प्रश्नों में से किन्हीं 3 प्रश्नों के उत्तर लगभग 25 से 30 शब्दों में लिखिए- (2×3=6)**

क. आप किन व्यक्तियों की आत्मकथा पढ़ना चाहेंगे और क्यों?

ख. कवि बादल से फुहार रिमझिम अथवा बरसाने के स्थान पर गरजने के लिए क्यों कह रहे हैं? कथन की पुष्टि तर्क देकर कीजिए।

ग. कवि ने बच्चों की मुस्कान के सौंदर्य को किन-किन बिंदुओं के माध्यम से व्यक्त किया है स्पष्ट कीजिए।

घ. कवि संगतकार कविता के माध्यम से क्या संदेश देना चाहते हैं?

**प्रश्न 13 पूरक पाठ्यपुस्तक के पाठों पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर लगभग 50 से 60 शब्दों में दीजिए- (4×2=8)**

क. क्या बाहय दबाव लेखन से जुड़े रचनाकारों को ही प्रभावित करते हैं या अन्य क्षेत्रों में जुड़े कलाकारों को भी प्रभावित करते हैं ,कैसे ?अपने विचार प्रकट कीजिए।

ख. आपके विचार से भोलानाथ अपने साथियों को देखकर सिसकना क्यों भूल जाता है?

ग."कितना कम लेकर यह समाज को कितना अधिक वापस लौटा देती है।"'साना-साना हाथ जोड़ी'पाठ के इस कथन में निहित जीवन मूल्यों को स्पष्ट कीजिए और बताइए कि देश की प्रगति में नागरिक की क्या भूमिका है?

**प्रश्न 14 निम्नलिखित तीन विषयों में से किसी एक विषय पर 120 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए (6×1=6)**

क. **आजादी का अमृत महोत्सव** शुरुआत कब और कहां,
विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम,
नए संकल्प, भारत की पहचान

**ख. ऑनलाइन खरीदारी :समय की मांग**

ऑनलाइन खरीदारी से अभिप्राय, बदलते समय की आवश्यकता,
, खरीदारी के समय सावधानियां

**ग. सोशल साइट और विद्यार्थी**

प्रभाव, उपयोगिता, हानियां

**प्रश्न 15 किसी एक विषय पर लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए: (5×1=5)**

**.** टप्पू सेना के समान अपने आसपास रहने वाले मित्रों के सहायता से अपने ही इलाके कि किसी समस्या के निवारण की योजना बनाए। इस योजना के बारे में जानकारी देते हुए अपने इलाके के जिला परिषद के सचिव महोदय को उनसे सरकारी सहयोग प्राप्त करने के लिए लगभग 100 शब्दों में एक अनुरोध पत्र लिखिए।

अथवा

**.** आप राम /रमा सिंह है। आप छात्रावास में रहते हैं आपके विद्यालय में खेल दिवस का आयोजन किया गया था। यह आप सभी साथियों के लिए उत्साह एवं उल्लास से परिपूर्ण रहा।इस अवसर के अनुभव बताते हुए अपने पिताजी को लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए।

**प्रश्न 16** . आपका नाम श्याम /श्यामा है। आपने एसडी से अभिनय का डिप्लोमा किया है। आपको कला छाया नाम की दूरदर्शन संस्था में अभिनेता के रिक्त पद की पूर्ति के लिए आवेदन करना है ।इसके लिए आप अपना बायोडाटा लगभग 80 शब्दों में तैयार;कीजिए । **(1×5=5)**

**.** आप अनिल या अनीता है।वन महोत्सव के अवसर पर आप वृक्षारोपण करना चाहते हैं ।पौधों की व्यवस्था करने के लिए अनुरोध करते हुए नगर के वन अधिकारी को ईमेल लिखिए। 80 शब्दों में।

**प्रश्न 17 .** देश की जनता को मतदान अधिकार के प्रति जागृत करने के लिए मुख्य निर्वाचन आयुक्त कार्यालय की ओर से एक विज्ञापन तैयार कीजिए। **(4×1=4)**

अथवा **.** आप सुधांशु/ सुधा है ।दीपावली के पावन अवसर पर शुभकामनाएं देते हुए अपनी बड़ी बहन को शुभकामना संदेश लिखिए।